स्मरण–पत्र

# राजस्थान सरकार
## सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग
आई.टी. बिल्डिंग, योजना भवन परिसर, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर

क्रमांक एफ2(1406)सूप्रौ/सस्था/13/I/30305/2015 जयपुर, दिनांक : 24/03/2015

**समस्त सहायक प्रोग्रामर / सूचना सहायक**

विषयः विनिर्दिष्ट क्षेत्र [Scheduled Area] डूंगरपुर, बांसवाडा, प्रतापगढ़ व उदयपुर जिले तथा सिरोही जिले की आबूरोड तहसील में पदस्थापन / स्थानान्तरण हेतु विकल्प पत्र भरने हेतु।

संदर्भः शासन सचिव, कार्मिक (क–2) विभाग, जयपुर के पत्र क्रमांक एफ(1)डीओपी/ए–II/2014 दिनांक 03.03.2015 के क्रम में।

अतिरिक्त आयुक्त, कार्यालय आयुक्त, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, उदयपुर के पत्र क्रमांक एफ1(बी)(3)(57)/सीटीएडी/2014/595-659 दिनांक 08.01.2015 के द्वारा राजस्थान विनिर्दिष्ट क्षेत्र, अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा अन्य शर्तें) नियम, 2014 की क्रियान्विति के तहत समस्त अधीनस्थ सेवा के कर्मचारियों (सहायक प्रोग्रामर एवं सूचना सहायक) से विनिर्दिष्ट क्षेत्र [Scheduled Area] डूंगरपुर, बांसवाडा, प्रतापगढ़ व उदयपुर जिले तथा सिरोही जिले की आबूरोड तहसील में पदस्थापन / स्थानान्तरण हेतु विकल्प पत्र भरवाये जाने है।

इस संबंध में समस्त सहायक प्रोग्रामरों एवं सूचना सहायकों को इस विभाग के समसख्यंक पत्र क्रमांक 28433/2015 दिनांक 02.02.2015 के द्वारा पूर्व में निर्देशित किया गया था, जिसके क्रम में जिन राजसेवकों के द्वारा विकल्प पत्र भर कर प्रेषित नहीं किये गये है, वे उक्त सूचना (संलग्न पत्र के अनुसार) दिनांक 15.04.15 तक आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें।

पूर्व में इस विभाग को जिन राजसेवकों के द्वारा विकल्प पत्र प्रस्तुत किये जा चुके है, उन्हें पुनः विकल्प पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक नहीं है।

***इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।***

संलग्नः उपरोक्तानुसार।

(ए.एम.देशपाण्डे)
तकनीकी निदेशक एवं पदेन संयुक्त सचिव

# राजस्थान सरकार
# सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

## विकल्प पत्र

[विनिर्दिष्ट क्षेत्र [Scheduled Area] डूंगरपुर, बांसवाडा, प्रतापगढ़ व उदयपुर जिले तथा सिरोही जिले की आबूरोड तहसील में पदस्थापन / स्थानान्तरण हेतु]

मैं ........................................................................[नाम] ...............................................................................[पद] वर्तमान में ...........................................................................[पदस्थापन स्थान] पर कार्यरत हूँ। मैं अपना पदस्थापन / स्थानान्तरण विनिर्दिष्ट क्षेत्र [Scheduled Area] के ........................................................[जिले का नाम] में करवाना चाहता हूँ।

[विनिर्दिष्ट क्षेत्र में जिलों में यदि किसी स्थान विशेष की वरीयता है तो उल्लेख कर सकते है।]

हस्ताक्षर

नाम –

पद –

स्थान –

[नोटः– यदि कोई कर्मचारी पहले से विनिर्दिष्ट क्षेत्र में कार्यरत है तथा विनिर्दिष्ट क्षेत्र में ही कार्यरत रहना चाहता है तो वह भी विकल्प पत्र भरें।]